सार-समाचार

आईना की राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित

झुंझुनूं, (निसं)। ऑल इंडियन नेशनल अवार्डीज एसोसिएशन (आईना) की प्रथम राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क रामनगर नैनीताल के रॉयल मून लाइट रिसॉर्ट में हुआ। जिसमें उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, मध्य प्रदेश, राजस्थान एवं अन्य राज्यों के 30 प्रतिभागियों ने कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लिया। आईना के मीडिया प्रभारी गोलू शर्मा ने बताया कि कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त राष्ट्रीय पुरस्कार जैसे राष्ट्रपति अवार्ड एवं अन्य गतिविधियों में राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित सदस्यों को सरकारी योजनाओं में लाभ एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं दिलाने के साथ ही अन्य राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त सदस्यों के हितों का संरक्षण करना है। आईना संस्थापक विपिन सोलंकी ने बताया कि आईना को बनाने का मुख्य उद्देश्य ये है कि जो साथी राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री आदि राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होने वाले साथियों को जो मूलभूत सुविधाएं सरकार की तरफ से मिलनी चाहिए वो नहीं मिल रही है। इसलिए आईना संगठन के माध्यम से इस पर कार्य किया जाएगा और अच्छी सुविधा मिले। इस कांफ्रेंस में राजस्थान के झुंझुनूं से विकास गुर्जर व राजस्थान के रवि जादम, रविंद्र कश्यप शामिल हुए। विकास गुर्जर का सम्मान किया गया। इसके अलावा दिल्ली से अंबिका बहल, मध्य प्रदेश से लक्ष्मी तिवारी गुना, गोलू शर्मा गुना उत्तर प्रदेश से विपिन सोलंकी, गीतांजलि, अंकिता शर्मा, पंकज सक्सेना आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यकम का संचालन विकास गुर्जर ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन रविन्द्र कश्यप ने किया।

शिक्षकों के विधानसभा पर विशाल रैली की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न

झुंझुनूं, (निसं)। रविवार को शहीद स्मारक में राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम उप शाखा झुंझुनूं की बैठक का आयोजन किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष रतिराम धींवा ने बताया कि बैठक के आयोजन का मुख्य उद्देश्य 24 फरवरी को विधानसभा पर शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर आयोजित की जाने वाली रैली के लिए ब्लॉक से अधिक से अधिक शिक्षकों से सम्पर्क कर पदाधिकारीगण को जिम्मेदारी सौंपना था। संरक्षक मंडल के सदस्य रणवीर गोदारा ने बताया कि शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर सरकार को कई बार मांग पत्र के जरिए अवगत करवाया गया। लेकिन विभिन्न मांगों पर सरकार की उदासीनता को देखते हुए 24 फरवरी को शीर्ष नेतृत्व द्वारा विधानसभा पर विशाल रैली करने का निर्णय लिया गया है। जिसमें राज्य भर के हजारों की संख्या में शिक्षक भाग लेंगे। जिला अध्यक्ष अशोक कुल्हरि ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ब्लॉक के विद्यालयों में संपर्क करें तथा प्रत्येक शिक्षक को रैली के लिए तैयार करना है। बैठक में ब्लॉक मंत्री विकास बुडानिया, ब्लॉक कार्यकारी अध्यक्ष राजेश झाझड़िया, ब्लॉक उपाध्यक्ष रामसिंह कुलहरि, ब्लॉक कोषाध्यक्ष शेरसिंह, चंद्रभान, राजवीर मील, सुभाषसिंह शेखावत सहित ब्लॉक के शिक्षक मौजूद रहे।

शादि में शराब पीकर उत्पात मचाया

मुकुंदगढ़, (निसं)। कस्बे में वार्ड नं. सात में स्थित राजनगर में शुक्रवार को एक शादी समारोह में देर रात को खाना खाने की बात को लेकर विवाद हो गया। राजनगर में रहने वाले एक युवक शादी में खाना खाने की बात पर शादी में बाहर से आए लोगों से कहासुनी हो गई। देखते ही देखते बाहर से आए लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में शादी वाले घर के युवक और दिव्यांग बच्चा भी घायल हो गया। पुलिस के अनुसार मारपीट को लेकर किसी भी पक्ष द्वारा कोई रिपोर्ट नहीं दी गई है। आस-पास रहने वालों के अनुसार राजनगर में रहने वाले अधिकांश लोग गुजरात राज्य से आते है। कुछ परिवार 30 साल से ज्यादा समय से यहां रह कर बर्तन बेचने और शादियों में बर्तन सफाई का काम करते है। इस संबंध में मुकुंदगढ़ थाना प्रभारी सरदारमल यादव ने बताया कि अभी तक किसी भी पक्ष द्वारा कोई मुकदमा दर्ज नहीं करवाया गया है। रात्रि में सूचना प्राप्त होने के बाद गश्ती वाहन चूडी चतरपुरा गया हुआ था। चूडी से लौटकर राजनगर पहुंचने पर वहां कोई नहीं मिला।

खाई से गिरी गाय को निकाल गौशाला पहुंचाया

खिरोड़, (निसं)। बसावा पॉवर हाउस के पास के खाई मे एक गाय घायल अवस्था में मिली। ललित बसावा ने तुरंत लोडर बुलाकर व गौ रक्षक दल बसावा व श्री कृष्ण गौशाला नवलगढ़ टीम को मौके पर बुलाकर गाय को खाई से निकाला। सभी लोगों ने मिलकर गाय को तुरंत श्री कृष्ण गौशाला नवलगढ़ की टीम ने अपनी एंबुलेंस बुलाकर गाय को गौशाला में रेफर करके सुचारू रूप से इलाज चालू कर दिया गया है। इस मौके पर सिंगर ललित बसावा, गौ रक्षक दल के सदस्य शक्ति यादव, कुलदीप यादव, संदीप यादव, जतिन जांगिड़ व नवलगढ़ टीम के सदस्य अशोक सैनी, मयूर शर्मा आदि मौजूद थे। टीम ने गोपालकों से वीडियो के माध्यम से निवेदन किया कि ना दूध देने वाली गाय व छोटे बछडों को आवारा न छोड़े उन्हें निकटतम गौशाला में ही छोडे। ललित बसावा काफी दिनों से गौ सेवा में अपने क्षेत्र में सक्रिय हैं।

अनुपमा को पीएचडी की उपाधि

झुंझुनूं, (निसं)। कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर की ओर से अयोजित दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने पिलानी निवासी जुगलाल बोला की पुत्रवधू को उद्यान विभाग में डॉक्टरेट पीएचडी की उपाधि देकर सम्मानित किया गया। अनुपमा ने अपने शोध कार्य को प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार मूंड के निर्देशन में पूरा किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने पति प्रदीप कुमार, ससुर जुगलाल सिंह, पिता मनीराम पूनियां, माता स्नेह लता, सास मां चंद्रकला और अपने बेटे शौर्यवर्धन तथा समस्त बोला परिवार, पूनियां परिवार, सभी रिश्तेदार व अपने दोस्तो को दिया। डॉक्टरेट की डिग्री मिलने पर उनके पति और परिवार के लोगों ने बधाई दी और मिठाई बांटकर अपनी खुशी जाहिर की। यह एक गर्व का पल था अनुपमा और उनके परिवार के लिए। वर्तमान में अनुपमा उद्यान विभाग हरियाणा में उद्यान विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं व उनके पति प्रदीप कुमार बोला उप निदेशक उद्यान उद्यान के पद पर कार्यरत है।

चिकित्सा शिविर में 75 लोग लाभान्वित

झुंझुनूं, (निसं)। महावीर इंटरनेशनल सनराइज झुंझुनूं द्वारा लावरेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट, श्री कृपाशंकर मोदी एवं राधेश्याम ढंढारिया के सौजन्य से हर माह के तीसरे रविवार को आयोजित होने वाले उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह चिकित्सा शिविर में 75 लोगों ने लाभ उठाया। उपरोक्त रोगियों की जांच कर, एक माह की दवाइयां निशुल्क वितरण की गई। शिविर में वीर डॉ. एसएन शुक्ला एवं वीर डॉ. नरेंद्र सिंह नरूका ने अपनी सेवाएं प्रदान की। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, देवेंद्र कुमार गौड़, बिहारीलाल सैनी, जयप्रकाश शर्मा, रामाकांत हवाई, रामगोपाल शर्मा, सुभाष जोशी, भरत तुलस्यान, मुबारक अली पहाड़ियान, राजदीप महर्षि, सुमेरसिंह कर्णावत, ओमप्रकाश ककरानिया एवं काफी संख्या में वीर वीराएं गणमान्य जन उपस्थित रहे।

मोक्षधाम ओर गोगामेड़ी मंदिर पर श्रमदान

मुकुंदगढ़, (निसं)। ढिगाल गांव में श्री भैरव धाम सेवा समिति के तहत श्रमदान किया गया। सेवा समिति संयोजक सेवानिवृत्त मिल्ट्री इंजीनियर जगदीशप्रसाद मीणा ने बताया कि गोगामेड़र ढिगाल और मोक्षधाम में युवाओं के टीम द्वारा श्रमदान किया गया। गोगामेड़ी मंदिर सेवक ने पूरी टीम का आभार जताया। सेवा समिति के राकेश मीणा ने बताया कि गोगामेडी मंदिर ओर मोक्षधाम ढिगाल मे सेवा समिति कि टीम द्वारा पेड़ पौधों कि निराई गुड़ाई की गई और साफ सफाई की गई। सभी पेड़, पौधों में टैंकर मंगवाकर पानी डाला गया। इस मौके पर बनवारी जांगिड़, राकेश मीणा, सुरेश, मंदिर सेवक प्रकाश मीणा, देवेंद्र, आकाश, बजरंग, किशोर उपस्थित रहे।

पांच टॉपर विद्यार्थियों का सम्मान किया

मंडावा, (निसं)। मंडावा कॉलेज प्रबंध समिति अध्यक्ष अंगददेव मंडावा की अध्यक्षता में नीदरलैंड की दो विदेशी पर्यटकों द्वारा कुल पांच टॉपर्स विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट के अतिथि के रूप में ट्रस्टी एवं प्रबंध समिति सदस्य शिवचरण गाड़ोदिया, उप सचिव राधेश्याम सैनी एवं दीपक खांडल उपस्थित थे। प्राचार्या डॉ. वंदना गौतम ने बताया कि नीदरलैंड की दो विदेशी महिलाओं टिनी एब्राटेन्सकी एवं मारिचा एब्राटेन्सकी द्वारा महाविद्यालय के पांच टॉप विद्यार्थियों को एपल के टेबलेट्स भेंट किए। कार्यक्रम में महाविद्यालय का स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

बच्चों को घर जैसी सुविधाएं मिलने से संपूर्ण विकास होगा : सहारण

■ विधायक हरलाल सहारण व कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने डे केयर सेंटर 'फुलवारी' का उद्घाटन किया

चूरू (निसं)। विधायक हरलाल सहारण व जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने रविवार को जिला मुख्यालय पर डे केयर सेंटर 'फुलवारी' का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि डे केयर सेंटर पर 06 साल तक के बच्चों को घर जैसी सुविधाएं और देखभाल मिलेगी। आज के भौतिक व कामकाजी युग में समय का अभाव है और आपाधापी भरे जीवन में बच्चों की समुचित देखभाल नहीं हो पाती है। इसलिए जिला प्रशासन का यह नवाचार इस दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

बच्चों को घर जैसी सुविधाएं मिलने से उनका संपूर्ण शारीरिक व मानसिक विकास होगा और स्वस्थ, तंदुरुस्त व विकसित पीढ़ी का निर्माण होगा। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि जिला प्रशासन का यह प्रयास है कि बच्चों को प्राथमिक स्तर पर ही बेहतरीन शिक्षा व केयर मिले। इस दिशा में डे केयर सेंटर शुरू किया गया है।

उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े मेट्रो सिटीज में बच्चों की देखभाल के लिए डे केयर सेंटर संचालित किए जाते हैं। चूरू व शेखावाटी क्षेत्र भी कामकाज के क्षेत्र में तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। जिला प्रशासन का प्रयास है कि बच्चों को प्राथमिक स्तर पर ही बेहतर देखभाल व परवरिश मिले और आने वाली पीढ़ी स्वस्थ, तंदुरुस्त एवं विकसित हो। इस दिशा में बच्चों को समुचित देखभाल व परवरिश के लिए डे केयर सेंटर खोला गया है।

इसमें बच्चों को घर जैसी सुविधाएं मिलेंगी और उनके संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास होगा। उन्होंने कहा कि आमजन इसमें संपूर्ण सहयोग करें। डे केयर सेंटर में सुविधाओं के विस्तार और संसाधनगत विकास पर फोकस किया जा रहा है।

उन्होंने जिले में चलाए जा रहे बढ़ता बचपन कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। आईसीडीएस उपनिदेशक डॉ. नरेंद्र शेखावत ने अतिथियों का स्वागत करते हुए व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि डे केयर सेंटर पर सशुल्क सुविधाएं दी जाएगी। सेंटर पर बच्चों के लिए स्लीपिंग एरिया, टॉयज व प्ले एरिया, सीसीटीवी, भोजन, फल आदि सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। सेंटर पर नियमित कार्मिक व मैड की नियुक्ति की जाएगी।

उन्होंने बताया कि पहले दिन 02 बच्चों का पंजीयन किया गया है। सीडीपीओ सीमा गहलोत ने व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन सुपरवाइजर ज्योति वर्मा ने किया।

इस दौरान दीनदयाल सैनी, एसजेईडी डीडी नगेंद्र सिंह, महिला अधिकारिता सहायक निदेशक जयप्रकाश, सीडीपीओ शिवराज सिंह, चूरू शहर सीडीपीओ चंद्रकला शर्मा, जयकौर, शशिकला, शीतल, ज्योति, प्रथम एनजीओ टीम प्रभारी टीपू चौहान, रॉकेट लर्निंग टीम से प्रतीक्षा, इमरान सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्मिक उपस्थित थे।

स्वच्छता अभियान चलाया

सादुलपुर, (निसं)। पंचायत समिति राजगढ (चूरू) ब्लाक की सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत स्वच्छता सम्बन्धित गतिविधियों के अन्तर्गत सार्वजनिक स्थानों से पुराने कचरे के ढेर हटवाकर नालियों व रास्ते में साफ-सफाई की गई।

पंचायत समिति राजगढ के विकास अधिकारी राजेन्द्र जोईया ने बताया कि पंचायत समिति राजगढ (चूरू) ब्लाक की सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत स्वच्छता सम्बन्धित की गतिविधियों के लिए 5 फरवरी 2०25 से 25 फरवरी 2०25 तक चलाये जा रहे अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्वेता कोचर के निर्देशानुसार विकास अधिकारी राजेन्द्र जोईया के मार्गदर्शन में शनिवार को स्वच्छता से सम्बन्धित गतिविधियों में पुराने कचरे के ढेरों को चिन्हीकरण कर सार्वजनिक स्थानों से हटाया गया तथा नालियों व रास्तों की साफ सफाई की गई।

विकास अधिकारी जोईया ने बताया कि उक्त कार्य सभी ग्राम पंचायतों में एक अभियान के रूप में किया गया हैं तथा भविष्य में सार्वजनिक स्थानों पर कचरा नहीं डालने के लिए लोगो को पाबन्द किया गया।

स्कूल को मर्ज दिखा उसका खेल मैदान अस्पताल को अलॉट किया

झुंझुनूं, (निसं)। जिले के सुलताना कस्बे में प्राथमिक स्कूल को दूसरे स्कूल में मर्ज दिखाकर उसके खेल मैदान की जमीन अस्पताल के लिए आवंटित कर दी। हकीकत में वह विद्यालय कभी मर्ज हुआ ही नहीं। बल्कि वह आज भी संचालित है। इतना ही नहीं राज्य सरकार ने पिछले साल उसे उच्च प्राथमिक में क्रमोत्रत भी कर दिया। वर्तमान में इसमें करीब 149 का नामांकन है।

ग्रामीणों के विरोध के बीच इस पूरे प्रकरण की पड़ताल की तो सामने आया कि सीएचसी के लिए नियमों को ताक में रखकर जमीन अलॉट की गई है। प्रशासन ने जिस प्राथमिक स्कूल को दूसरे स्कूल में मर्ज दिखाकर उसके खेल मैदान की जमीन आवंटित कर दी। हकीकत में वह विद्यालय कभी मर्ज हुआ ही नहीं। बल्कि वह आज भी संचालित है। इतना ही नहीं राज्य सरकार ने पिछले साल उसे उच्च प्राथमिक में क्रमोन्नत भी कर दिया। वर्तमान में इसमें करीब 149 का नामांकन है। इसके बावजूद तत्कालीन कलेक्टर लक्ष्मणसिंह कुड़ी ने इस स्कूल के खेल मैदान की एक हैक्टेयर जमीन सीएचसी को आवंटित कर दी। लेकिन ग्रामीणों को जब इसकी भनक लगी तो वे विरोध में उतर आए। इसलिए जमीन आवंटन के करीब ढाई साल बाद भी सीएचसी का भवन नहीं बन सका है।

माह में पूरी कर दी प्रक्रिया, चलते हुए स्कूल को मर्ज दिखा दिया, शिक्षा विभाग की एनओसी तक नहीं ली। इस मामले में प्रशासन की जल्दबाजी और लापरवाही भी नजर आई। प्रशासन ने महज तीन माह में आवंटन की प्रक्रिया पूरी कर दी। पांच मई 2022 को पीएचसी प्रभारी ने जमीन अलॉट करने के लिए एसडीएम को आवेदन किया और प्रशासन की पूरी मशीनरी ने जुटकर 5 अगस्त 2022 को जमीन का आवंटन कर दिया। इस बीच कलेक्टर ने 17 मई को शिक्षा विभाग से एनओसी मांगी।

विभाग ने आठ जून को कलेक्टर को पत्र भेजकर एनओसी के लिए निदेशालय को अधिकृत बता दिया। तब कलेक्टर ने 27 जून को शिक्षा निदेशक को एनओसी के लिए पत्र लिखा। निदेशक ने एनओसी नहीं देकर 2 अगस्त 2022 को वापस जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र भेजकर स्पष्ट अनुशंषा मांगी। मामला पेंडिंग होता देख कलेक्टर ने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी से 3 अगस्त को एनओसी ले ली और इसके दो दिन बाद 5 अगस्त को जमीन का आवंटन कर दिया। जबकि सीडीईओ एनओसी देने के लिए अधिकृत नहीं थे। उन्हें निदेशालय को अभिशंषा करनी थी। निदेशालय से एनओसी जारी की जाती। यानी जिला प्रशासन ने निदेशालय को अंधेरे में रखकर जमीन का आवंटन कर दिया।

मूलचंद सैनी, पूर्व पंच ने सुलताना ने बताया कि अस्पताल करीब 70 साल से गांव के आबादी क्षेत्र में है। जो जगह अस्पताल के लिए आवंटित की गई है वो गांव से बाहर है। आबादी क्षेत्र से दूर अस्पताल बनने से बुजुर्गों व महिलाओं को परेशानी होगी। वर्तमान में जिस जगह सरकारी अस्पताल है, वो जगह करीब 10 बीघा है और चारों ओर चारदीवारी बनी हुई है। यहां बिल्डिंग में अन्य सुविधाएं भी हैं। आबादी क्षेत्र में होने से ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलता है।

मंगतू चोपदार ग्रामीण ने बताया कि सुलताना कस्बे में अस्पताल आबादी क्षेत्र में बना हुआ है। ग्रामीणों के सहयोग से करीब 60 साल पहले 10 बीघा जमीन पर चारदीवारी बनाई गई थी। अब जमीन आबादी क्षेत्र से दूर आवंटित की। वर्तमान जगह पर ही अस्पताल बनने से राज्य सरकार का बजट भी कम खर्च होगा।

सार-समाचार

सूखी घास में आग लगी, काबू पाया

नवलगढ़, (निसं)। शहर के घूमचक्कर इलाके में घनी आबादी कॉलोनियों के बीच सेकसरिया जाव की खाली जमीन में सूखी घास व झाड़ियों में रविवार दोपहर बाद अचानक आग लग गई। जाव के चारों ओर ऊंची चारदीवारी होने के कारण आग के विकराल रूप धारण करने के बाद लोगों को पता चला। जिस पर नवलगढ़ अग्निशमन कार्यालय में सूचना की तो दमकल टीम मौके पर पहुंची। दमकल गाडी को जाव की दीवार के पास खड़ा करके कर्मचारियों ने दीवार पर चढकर पानी की धार से आग बुझाना शुरू किया। लेकिन विकट स्थिति देखते हुए हाथोंहाथ मुकुंदगढ़ से भी दमकल गाड़ी बुलानी पड़ी। इसके बाद करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। गनिमत रही कि आग लगने की घटना के समय तेज हवा नहीं चल रही थी। जिससे आग पास की कॉलोनियों में नहीं फैली। सेकसरिया जाव के पास बड़ी पटाखों की दुकान भी है। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। नहीं पटाखों की दुकान तक आग की लपटे पहुंच जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। हालांकि आग से किसी प्रकार के जान माल का नुकसान नहीं हुआ।

मोबाइल टॉवर का विरोध किया

झुंझुनूं, (निसं)। शहर के किसान कॉलोनी में एक मोबाइल कंपनी ने रातोंरात एक टॉवर खड़ा कर दिया। जिसका मोहल्ले के लोगों ने विरोध शुरू कर दिया है। किसान कॉलोनी निवासी श्रीराम बुडानिया ने बताया कि कल रात को मोहल्ले के लोगों के सो जाने के बाद एक मकान मालिक ने मोबाइल कंपनी के साथ मिलीभगत कर अपने मकान के उपर मोबाइल टॉवर लगवा दिया। जबकि पहले भी एक बार चर्चा आई थी। तब मोहल्ले के लोगों ने इसका विरोध किया था। इसलिए मोबाइल कंपनी वालों ने रात का समय तय करके रातोंरात मोबाइल टॉवर खड़ा कर दिया। लेकिन मोहल्ले के लोग इस टॉवर को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। क्योंकि टॉवर के अंदर से निकलने वाली रेडियशन से बुरा प्रभाव पड़ता है। इसके बाद मोहल्ले के लोगों ने नगर परिषद में इसकी शिकायत की। शिकायत के बाद नगर परिषद के अधिकारी मौके पर पहुंचे। जिन्होंने आश्वस्त किया है कि मोबाइल टॉवर अपने मकान पर लगवाने वाले मालिक और टॉवर लगाने वाली कंपनी से बातचीत की जाएगी। मोहल्ले के लोगों की सहमति के बिना टॉवर नहीं लगने दिया जाएगा। रविवार को मोहल्ले के लोगों ने प्रदर्शन भी किया।

शेखावत का सम्मान किया

सीकर (निसं)। जिले के पलसाना कस्बे के बड़ा पाना निवासी दिलीप सिंह शेखावत को गांधी फाऊंडेशन नेपाल की ओर से आयोजित समारोह में डायरेक्टर की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। शेखावत को मानवीय मूल्य एवं सामाजिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान के लिए यह सम्मान मिला है। शेखावाटी रोटरी क्लब, श्रीमाधोपुर हिंदू जागरण मंच, बजरंग दल, विवेकानंद युवा संगठन सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़कर सेवा एवं सामाजिक कार्य कर रहे हैं। शेखावत के सम्मानित होने पर अखिल भारतीय महिला परिषद शाखा सीकर द्वारा शाखा अध्यक्ष पूजा चौधरी, उपाध्यक्ष शारदा सैनी, मीडिया प्रभारी शिवानी तिवाड़ी, दीपिका शर्मा, श्री कल्याण अस्पताल डॉक्टर खुशबू चौधरी, राजकुमार समोता, माधव तिवाड़ी, मुकेश काजला ,नर्सिंग ऑफिसर सुरेंद्र चौधरी आदि लोगों ने पौधा व मोमेंटो देकर सम्मान किया।

सुंदरकांड की चौपाइयां गूंजी

चूरू (निसं)। स्थानीय सवाई सागर बालाजी धाम में रविवार को बालाजी महाराज का सुंदरकांड पाठ किया गया। मधु शर्मा व नंदकिशोर बेड़ा के पुत्रों की ओर से संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चंद्रशेखर बेडा के नेतृत्व में संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया गया। इस अवसर पर कृष्ण श्याम दातार भक्त मंडल के नोगा पंडित, पुजारी महेंद्र सारस्वत, सुरेंद्र शर्मा, सुरेंद्र चोटिया, सोनू ओझा, मुकेश, गोरख जांगिड़, नीरज, इंद्र शर्मा, पृथ्वीराज, महेंद्र सेन, महेंद्र प्रजापत, श्याम सुंदर, सुगनाराम, उषा सारस्वत, सत्यभामा महर्षि, इंदिरा सैनी, सरोज महर्षि, कृष्ण शर्मा, कंचन महर्षि, मोना शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरूष उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने श्री संतनाथ महाराज के समाधि स्थल पर आशीर्वाद लिया।

हाईटेंशन लाइन के खिलाफ राणासर में किसानों ने धरना दिया

मुकुंदगढ़, (निसं)। 765 केवीए हाइटेंशन लाइन के खिलाफ किसानों का आंदोलन जारी है। इसी क्रम में रविवार को राणासर गांव में किसानों ने धरना दिया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि लाइन डालने से पहले किसानों का मुआवजा तय किया जाए। अखिल भारतीय किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष कामरेड विजेंद्र सिंह कुलहरि ने बताया कि 16 फरवरी को नेमीचंद की अध्यक्षता में राणासर के आस-पास के किसानों ने 765 केवीए बीकानेर नीमराना हाईटेंशन पावर लाइन के खिलाफ किसानों ने कम्पनी तथा जिला प्रशासन के खिलाफ धरना दिया।

जेजूसर सरपंच प्रतिनिधि कामरेड कपिल ऐचरा ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन व कम्पनी प्रशासन ने हठधर्मिता अपना रखी है। जबकि 765 केवीए बीकानेर नीमराना हाईटेंशन लाइन का काम करने से पहले किसानों को तथा गोचर भूमि का मुआवजा ग्राम पंचायत को अग्रिम देना चाहिए। जो कि कम्पनी व प्रशासन नहीं कर रहे। रविवार को दिए गए धरने की अध्यक्षता करते हुए नेमीचंद ने कहा कि 765 केवीए बीकानेर नीमराना हाईटेंशन लाइन का मुआवजा 2013 के भूमि अधिग्रहण के अनुसार बाजार मूल्य का चार गुणा देना ही होगा। वैसे झुंझुनूं जिला प्रशासन ने नवलगढ़ में किसानों व कम्पनी के बीच 26 लाख रुपए का मुवावजा तय करके किसानों को भुगतान दे चुके हैं तो इसका भुगतान अग्रिम देने में कहा दिक्कत आ रही है। कामरेड विजेंद्र सिंह कुलहरि ने कहा कि जिला प्रशासन तथा हाईटेंशन लाइन कम्पनी शायद जिले में अराजकता फैलाना व लाठीचार्ज या गोलीकांड करवाना चाहते हैं। यदि प्रशासन व कम्पनी यही चाहती है तो जिले का किसान व अखिल भारतीय किसान सभा उसके लिए भी तैयार हैं। साथ ही जिले के किसान 2022.23 के रबि फसल खराबे तथा राज्य सरकार का फसल खराबा का मुवावजा अभी तक नहीं दिया।

सभी किसानों को जल्द से जल्द दिया जाए। अन्यथा सम्पूर्ण जिले में जबरदस्त उग्र आन्दोलन किया जाएगा। जिसकी तैयारी सम्पूर्ण जिले में कर रहे हैं। किसानों की तरफ से 765 केवीए कंपनी तथा जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन को चेतावनी है कि हठधर्मिता छोड़ सौहार्द का वातावरण बनाते अन्यथा परिणाम खतरनाक हो सकते हैं। जिसकी जिम्मेदारी कम्पनी व प्रशासन की होगी।

शिक्षा का मुख्य उद्देश्य बालक का सर्वांगीण विकास करना : राठौड़

■ वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी

चूरू (निसं)। स्थानीय पूनिया कॉलोनी स्थित प्रिंस स्कूल का वार्षिकोत्सव रविवार को राजगढ़ रोड़ स्थित विद्यालय के खेल मैदान में समारोह पूर्वक मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीडीईओ गोविंद सिंह राठौड़ थे। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया, सदर थाना के थानाधिकारी बलवंत सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता आसाराम सैनी, पूर्व डीएसपी वाहिद अली खान, पूर्व प्रोफेसर संतलाल, पूर्व सरपंच हरफूल सिंह आर्य, समाजसेवी राजपाल दईया व ए.यू. मिर्जा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था निदेशक प्रताप सिंह सिहाग ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ आगंतुक अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक इंजी. नवीन सिहाग व पुष्पा चौधरी ने आगंतुक अतिथियों का माल्यार्पण कर व पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीडीईओ गोविंद सिंह राठौड़ ने कहा कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य बालकों का सर्वांगिण विकास करना है और बालक की प्रथम पाठशाला उसकी मां होती है। राठौड़ ने कहा कि मां जिस प्रकार बच्चों को एक सांचे में ढ़ालती है।

बालक उसी अनूरूप प्रगति की ओर अग्रसर होता है। इस दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर उपस्थित स्त्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नेमीचन्द पटीर, अमित चाहर, विकास जांगिड, सुधीर तंवर, हेमंत चौधरी सहित बडी संख्या में विद्यालय स्टॉफ, अभिभावक व छात्र छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुरेन्द्र शर्मा ने किया।